## एक नजर में



### बासुपूज्य भगवान का महा मस्तकाभिषेक

**सागर.** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के निर्वाणोत्सव पर रामपुरा में स्थित मूलनायक पंचबाल्यती बासुपूज्य भगवान का महामस्तकाभिषेक का कार्यक्रम मुनिश्री निष्कंपसागर महाराज, मुनिश्री निष्काम सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनि संघ का प्रवास रामपुरा में चल रहा है, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर विधि नायक श्री आदिनाथ भगवान की चांदी की प्रतिमा पर अभिषेक शांति धारा हुई.



### 80 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**गौरझामर.** केसली विकासखंड के ग्राम पंचायतों को 80 लाख से अधिक विकास कार्यों की सौगात केसली, गौरझामर, देवरी विधानसभा क्षेत्र के केसली जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 4 ग्रामों के विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम विधायक बृजबिहारी पटेरिया ने किया. ग्राम जनकपुर में सामुदायिक भवन वीसी रोड नाली निर्माण राशि 35 लाख, ग्राम बमनी में सीसी रोड निर्माण राशि 20 लाख, ग्राम महक पिपरिया में सामुदायिक भवन 15 लाख, ग्राम मदनपुर डोमा में सीसी रोड निर्माण राशि 10 लाख की लागत से विभिन्न कार्यो का उक्त सभी ग्रामों में भूमिपूजन हुआ. इस अवसर पर रामलखन सिंह, देवेंद्र सिंह, खेमवंत सिह लोधी, प्रहलाद परशुराम लोधी, श्रीमती हेमबाई,नवल किशोर लोधी, बबलू विश्वकर्मा, रामकृष्ण सिंह, श्रीमती राखी उपस्थित रहे.



### प्रांतीय अधिवेशन को लेकर बैठक आयोजित

**सागर.** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की 10 मार्च को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया. अधिवेशन की प्रमुख सलाहकार शकुंतला जैन एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आशा जैन, प्रांतीय सचिव मंजू मगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगंधी जैन ने बैठक का शुभारंभ किया. त्रिशला संभाग की अध्यक्ष आशा सेठ ने मंगलाचरण किया. संचालन दीप्ति चंदेरिया ने किया एवं आभार सुगंधी जैन ने माना. इस दौरान संध्या रांधेलिया, मीना प्रधान, साक्षी सराफ, कल्पना जैन, मीना जैन, पुष्पलता, सविता जैन, वर्षा जैन, ममता जैन, ममता अरविंद जैन, आशा जैन, अंजू गोदरे, सुमन लता जैन, सीमा जैन, सुनीता पड़वार, रश्मि आलोक जैन, वंदना जैन, रिचा शाह, आरती सवाई, सुनीता अरिहंत, अंजू सेठ उपस्थित रहीं.




### रमना रेंज में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

**गढ़ाकोटा.** दक्षिण वन मंडल अंतर्गत परिक्षेत्र रमना रेंज में शासकीय नवीन कन्या माध्यमिक शाला एवं संदीपनी स्कूल के विद्यार्थियों को वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अनुभूति कराकर उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के साथ वन विभाग एवं विभागीय कार्यों, उत्तर दायित्वों एवं चुनौतियों को अवगत कराने के उद्देश्य से अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि भाजपा नेता अभिषेक भार्गव एवं विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी रहे. मास्टर ट्रेनर व्हीके मिश्रा ने जैव विविधता एवं वन्य जीव संरक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी विनीता जाटव, एसडीओ आलोक झरिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी दिवाकर वर्मा, रमना रेंज प्रभारी सुशील सोनी, राज तिवारी मौजूद रहे. भाजपा नेता श्री भार्गव ने वनों की कटाई रोकने एवं उनके संरक्षण के लिए छात्राओं से प्रश्नोत्तरी पूछी गई जिसका बच्चो ने सटीक जवाब दिया.




### समर्थ भारत पर्व के तहत कार्यक्रम आयोजित

**सागर.** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा द्वारा समर्थ भारत पर्व के तहत चकराघाट में नगर प्रमुख चंद्रप्रकाश शुक्ला, संदीप रैकवार शामिल रहे, बस स्टैंड कार्यक्रम में दिनेश दुबे, अनिल सोनी, सिविल लाइन में पुष्पांजली, भारतमाता पूजन कार्यक्रम एवं मेनपानी में अंजू श्रीवास्तव, सुप्रिया नवाथे, गौर नगर में संजय श्रीवास्तव, शासकीय कला वाणिज्य महाविद्यालय में डॉ प्रदीप शुक्ला, एडिना संचालक डॉ. सुनील जैन, प्रतीक जैन, गायत्री मंदिर में नगर संचालक धर्मेंद्र शर्मा डॉ आशीष द्विवेदी ने आयोजित किया.

### हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज

**सागर.** सकल हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन 18 जनवरी रविवार को दोपहर 11 से 3 बजे तक केंद्रीय विद्यालय के सामने दीनदयाल नगर मकरोनिया में आयोजित किया जा रहा है.

# खाली कुर्सी-भरी कुर्सी के लिए मतदान

## देवरी नपा में 18 वर्ष में दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए डाले जायेंगे वोट

नवभारत न्यूज

**सागर 17 जनवरी. नगर पालिका निर्वाचन 2025-26 देवरी के अध्यक्ष को अपने पद पर वापिस बुलाये जाने हेतु आगामी 19 जनवरी को मतदान होने जा रह है. देवरी के साथ प्रदेश के इतिहास में भी ऐसा पहली बार होगा कि जब एक ही स्थान पर दूसरी बार खाली कुर्सी, भरी कुर्सी के लिए निर्वाचन कराना पड़ रहा है.**

मालूम हो कि देवरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन के खिलाफ आए अविश्वास प्रस्ताव के बाद शासन द्वारा खाली कुर्सी, भरी कुर्सी के लिए मतदान कराया जा रहा है. देवरी में ही 2007 में निर्दलीय अनिल जैन अन्नू के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव आया था और खाली कुर्सी भरी कुर्सी के लिए मतदान में श्री जैन को निकाय चुनाव से चार गुना मत प्राप्त हुए थे. पर्यवेक्षण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अभय वर्मा को प्रेक्षक नियुक्ति किया गया है. 19 जनवरी को नगर पालिका परिषद देवरी के अंतर्गत आने वाले 30 मतदान केन्द्रों पर प्रात: 7 बजे से शाम 5 बजे तक ईव्हीएम के माध्यम से मतदान किया जावेगा, तथा मतगणना 21 जनवरी को प्रात: 9 बजे प्रारंभ की जावेगी. नगर पालिका परिषद देवरी के लिए होने वाले निर्वाचन हेतु मुनव्वर खान एसडीए के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति किया गया है.

उपरोक्तानुसार निर्वाचन के लिए आयोग के नियम निर्देशानुसार समस्त आवश्यक तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं तथा मतदान दलों की नियुक्ति की जाकर नियमानुसार प्रशिक्षण आयोजित किए गये तथा द्वितीय प्रशिक्षण आर्ट एण्ड कार्मस कॉलेज में आयोजित किया गया था. उक्त निर्वाचन हेतु शासकीय नेहरू कॉलेज देवरी में स्ट्रांग रूम एवं मतगणना की व्यवस्था की गई है. शासकीय नेहरू कॉलेज देवरी से मतदान सामग्री का वितरण एवं मतदान दलों की मतदान केन्द्र के लिए रावनगी होगी. निर्वाचन कार्य के दौरान प्रेक्षक श्री वर्मा के उनके लायजनिंग अधिकारी के रूप में यू.एस. तिवारी, सहायक यंत्री, लोक निर्माण विभाग देवरी को नियुक्त किया गया है. निर्वाचन से संबंधित किसी भी जानकारी, शिकायत अथवा समन्वय के लिए प्रेक्षक एवं उनके लायजनिंग अधिकारी से दिए गए मोबाइल नंबरों पर अथवा लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह देवरी में संपर्क किया जा सकता है. वहीं नगर पालिका परिषद देवरी अध्यक्ष को पद से वापस बुलाए जाने के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन पदाधिकारी, भोपाल द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं. इस संबंध में निष्पक्ष निर्वाचन संचालन हेतु श्री वर्मा, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है.

# स्लीपर बसों की जांच की गई



नवभारत न्यूज

**सागर 17 जनवरी. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,द्वारा मुख्य बस स्टेण्ड, नरसिंहपुर रोड, भोपाल रोड पर 32 स्लीपर यात्री बस एवं अन्य वाहनों की जांच की गई.**

जांच के दौरान 08 यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र निर्धारित मानक के नही पाये गये, निर्गम द्वारा नहीं पाये गये, स्लीपर वर्थ पर स्लाईडर लगे पाये गये एवं अन्य सुरक्षा संबंधी उपाय नही होने से उन वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत् कार्यवाही करते हुए रू. 55000/- का जुर्माना वसूल किया गया.

साथ ही स्लीपर कोच यात्री बसों में एआईएस-119 के प्रावधानों के तहत जिले की समस्त स्लीपर बसों को 18 जनवरी को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ी करने हेतु सूचना जिला बस आपरेटर एसोसिएशन को दी गई है, जांच में पूर्तियां करने वाली स्लीपर बसों ही संचालित किये जाने की अनुमति दी जावेगी. आगम एवं निर्गम के लिए पृथक-पृथक दो दरवाजें होने चाहिए.

# स्कूल संचालकों की बैठक

नवभारत न्यूज

**रहली 17 जनवरी. एसडीएम कुलदीप पाराशर द्वारा सभी अशासकीय विद्यालयों के संचालकों और प्राचार्य की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में सभी संस्थाओं को मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम और उनके अंतर्गत निर्मित नियमों की बारीकी से जानकारी दी गई, सभी संस्थाओं को यह अवगत कराया गया कि वह शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए विद्यालयों का संचालन करें. मुख्य रूप से यह निर्देश दिए गए कि अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को किसी विशिष्ट दुकान से पाठ्य पुस्तक स्टेशनरी यूनिफॉर्म इत्यादि क्रय करने के लिए विवश न किया जाए. निर्धारित समय अवधि में जानकारी विभाग पोर्टल और नोटिस बोर्ड पर दर्ज की जाए. छात्र-छात्राओं से ली जाने वाली फीस का विधिवत लेखा रखा जाए, निर्धारित प्रारूप में अभिलेख का संधारण किया जाए. बैठक में उपस्थित विद्यालयों के संचालक और प्राचार्य द्वारा जो भी तथ्य रखे गए उनका समाधान किया गया एवं उनकी विभिन्न समस्याओं को भी सुना गया.

# सर्टिफिकेट कोर्स विज्ञान के क्षेत्र में अहम

नवभारत न्यूज

**सागर 17 जनवरी. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में औद्योगिक सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग एंटीबायोटिक्स एवं एन्जाइमों के औद्योगिक उत्पादन पर समापन सत्र आयोजित किया.**




समापन में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीषा मिश्रा द्वारा कहा कि इस तरह की सर्टिफिकेट कोर्स आप सभी को भविष्य में आगे बढने की संभावनाऐं सिद्ध करते है. विषय विशेषज्ञ डॉ. हरीसिंह गौर विवि प्रो. नवीन कांगो ने कहा कि नित्य अध्यापन करना एवं सर्टिफिकेट कोर्स विज्ञान के क्षेत्र में एंटीबायोटिक और एंजाइम के औद्योगिक उत्पादन की प्रक्रिया पर आधरित है जो आपको नये रोजगार एवं औद्योगिक संस्थाओं में अवसर प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा. प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने कहा कि छात्राओं की उपस्थिति यह सिद्ध करती है कि इस विषय में रूचि एवं ज्ञानर्जित कर इसमें रोजगार के अवसर प्राप्त करेगी और नारियों के सम्मान और उत्थान के बारे में विचार व्यक्त किए.

### कार्रवाई की मांग

**सागर.** शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकरोनिया में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने अस्पताल की हकीकत जानी और अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं आदि की जानकारी ली तो मौके पर कोई भी ड्यूटी डॉक्टर व जिम्मेदार अमला मौजूद नहीं था. गंभीरिया निवासी अभिषेक ठाकुर की मासूम बच्ची को कुत्ते के काटने से उसे रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचें. परिजनों ने बताया कि बच्ची को इंजेक्शन लगवाने के लिए हम लोग पिछले 2 घंटे से यहां परेशान हो रहे हैं किंतु यहां कोई भी जिम्मेदार ड्यूटी डॉक्टर मौजूद नहीं है. सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी से दूरभाष पर चर्चा की.

# डॉक्टरों के बीच बैडमिंटन टूर्नामेंट हुआ

नवभारत न्यूज

**सागर 17 जनवरी. जिला चिकित्सालय में बैडमिंटन टूर्नामेंट में 18 जनवरी रविवार का दिन एक विशेष ग्रुप के तहत फैमिली कपल के बीच होगा.**

टूर्नामेंट का उद्घाटन संभागीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर डॉ. नीना गिडियन एवं सिविल सर्जन डॉ. आर एस जयंत ने पहला मैच खेलकर किया था जिसमें डॉ नीना गिडियन विजयी हुई थीं. टूर्नामेंट के लीग मैच चल रहे हैं, अगले सप्ताह में क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल एवं 24 जनवरी को सभी फाइनल खेला जाना है.



टूर्नामेंट के वाइस प्रेसिडेंट डॉ अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 26 जनवरी को सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी. टूर्नामेंट में विभिन्न खिलाड़ियों द्वारा 144 एंट्री करवाई गई हैं. ज्ञात हो कि ये मध्य प्रदेश के किसी जिला चिकित्सालय में होने वाला एकमात्र टूर्नामेंट है और पिछली वर्ष भी जनवरी में इसका संचालन हुआ था जिसे देखते हुए इस बार और अधिक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने इसमें प्रतिभागिता दिखाई है. दूसरों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाले मेडिकल स्टाफ के स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाली ऐसी गतिविधियां करवाने हेतु राज्य स्तर से भी प्रोत्साहित की जा रही है.

### मैराथन दौड़ आज

**सागर.** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ननि एवं आई.एम.ए.के तत्वावधान में रविवार 18 जनवरी को प्रात: 7 बजे मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए नागरिकों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है.यह मैराथन दौड़ खेल परिसर से प्रारंभ होकर डिग्री कॉलेज, जैन हाई स्कूल, मेडिकल कॉलेज रोड, तिली तिराहा होते हुए पॉलीटेक्निक कॉलेज कॉलोनी चौराहा तक जाएगी, जहां से खेल परिसर में समापन होगा.

# बसंत पंचमी पर पालकी यात्रा



नवभारत न्यूज

**सागर 17 जनवरी. भूतेश्वर सेवक मंडल ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी से भेंटकर 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर भगवान भूतेश्वर महादेव की पालकी यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया और पालकी यात्रा का आमंत्रण पत्र दिया.**

इस अवसर पर भूतेश्वर सेवक मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि 23 जनवरी को भगवान भूतेश्वर की बसंत पंचमी को लग्नोत्सव अवसर पर पालकी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, विनोद तिवारी, शैलेन्द्र ठाकुर, राजकुमार पटेल, संगीता जैन, नरेश यादव, पार्षद रुबी पटेल, रिशांक तिवारी को भी आमंत्रण पत्र सौंपा.



# हरित वार्ता संगोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 17 जनवरी. नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास जैसे ज्वलंत विषय पर अभाविप के आयाम एसएफडी विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा हरित वार्ता नाम से संगोष्ठी का आयोजन किया.**

मुख्य वक्ता बुविवि झांसी से डा.अमित पाल ने कहा कि मानव-जनित गतिविधियों के कारण प्रकृति का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है. अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का बोध भी कराएं. विशिष्ट अतिथि अभाविप विभाग प्रमुख डा.दीपक पाठक ने कहा कि युवा वर्ग में यदि पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत हो जाए तो यह आंदोलन जन-जन तक पहुंच सकता है. संयोजक डा.राजीव निरंजन, एसएफडी प्रान्त सह प्रमुख ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला.

### स्कूली विद्यार्थियों ने दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

**ललितपुर.** रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. जिसमें प्रथम से आठ तक की छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट वैज्ञानिक सोच एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया. अलग-अलग विषयों जिम भौतिक विज्ञान की विज्ञानरसायन विज्ञान कंप्यूटर एवं गणित से संबंधित कार्यकारी एवं गैर सरकारी रोचक एवं उत्कृष्ट मॉडल प्रिया एवं चार्ट तैयार की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. रितेश खरे एवं आरएमबी के उप्राचार्य ने शुभारंभ किया. इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह एवं शैक्षिक समन्वयआरतीसिंह की अगुवाई में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रयोग मॉडल का अवलोकन करते हुए उनसे अनेक अनेक प्रश्न पूछे. उन्होंने प्रतिभा करने वाली छात्र-छात्राओं को तैयार किए गए प्रयोग आदि की प्रशंसा की.

# शिविर में ढाई सौ पुलिस कर्मियों का परीक्षण

## पुलिस लाइन में आईएमए एवं स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा हेल्थ चैकअप

नवभारत न्यूज

**सागर 17 जनवरी. पुलिस अस्पताल, पुलिस लाइन में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आईएमए एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया.**

शिविर में 250 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने विभिन्न चिकित्सीय जांच कराई. स्वास्थ्य जांच के अंतर्गत रक्तचाप मापन, रक्त शर्करा जांच, कोलेस्ट्रॉल जांच, विटामिन डी3 स्तर का परीक्षण, नेत्र परीक्षण के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया. शिविर का निरीक्षण एएसपी लोकेश सिन्हा, सीएसपी ललित कश्यप एवं आर.आई. नीतेश वायकर द्वारा किया गया.




आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि पुलिसकर्मी निरंतर कठिन, तनावपूर्ण एवं जिम्मेदार ड्यूटी में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण वे प्राय: न तो स्वयं अपना नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करा पाते हैं और न ही अपने परिवारजनों का रूटीन चेकअप करवा पाते हैं. इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है. शिविर में सिविल सर्जन डॉ. आर.एस. जयंत, डॉ. जी.एस. चौबे, डॉ. राजेंद्र चौदह, डॉ. जितेंद्र सराफ, डॉ. अरुण सराफ, डॉ. अशोक सिंघाई, डॉ. ललिता पाटिल, डॉ. ब्रजेश यादव, डॉ. सुमना खान, डॉ. संदीप गौतम,डॉ. प्रवीण खरे, डॉ. विनयदीप सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा सेवाएँ प्रदान की गई.

# ऐरण को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने भेजेंगे प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

**बीना 17 जनवरी. तीन दिवसीय ऐरण महोत्सव का समापन हो गया. समारोह में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि रहे. मंत्री श्री लोधी ने घोषणा की कि सरकार ऐरण को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के के लिए उन्होने कहा कि ऐरण में सुविधाएं बढ़ेंगी.**

मंत्री ने ऐरण में विश्राम गृह, प्रकाश व्यवस्था, अन्य कार्यों के लिए पर्यटन विभाग की टीम भेजने की बात कही. उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में ऐरण महोत्सव का आयोजन और बड़े स्तर पर किया जाएगा, जिससे पर्यटकों को अब परेशानी नहीं होगी. इसी दौरान विधायक निर्मला सप्रे मंच पर मंत्री से ऐरण में सुविधाओं की मांग कर रही थीं. विश्राम गृह की मांग करते समय उनकी जुबान फिसल गई और उन्होंने घोषणा करती हूं कह दिया, जिसे तुरंत सुधारते हुए उन्होंने मांग कर रही हूं कहा. इस घटना पर मंच के सामने बैठे अतिथियों ने एक-दूसरे को देखा. समापन कार्यक्रम में मंत्री के आगमन पर पंडाल की अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं, जबकि एक दिन पहले पंडाल पूरा भरा था. समापन पर कलाकारों ने दी प्रस्तुति ऐरण महोत्सव के समापन के मौके पर पहली प्रस्तुति मालवा के कलाकारों ने दी. राजस्थान से आई मतता देवी साथी की टीम के कलाकारों ने भी चकरी नृत्य की प्रस्तुति दी. झांसी से आई अर्चना कोटर्य ने टीम के साथ लोक गायन की प्रस्तुति दी.




**भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL) बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट के लिए निम्न पदों पर स्टाफ की आवश्यकता है –**

**•इंजीनियरिंग पद•**

सिविल इंजीनियर (डिप्लोमा / डिग्री), सिविल सुपरवाइजर,क्वालिटी इंजीनियर, प्लानिंग इंजीनियर

**•तकनीकी एवं श्रमिक पद•**

कारपेंटर, बार बेंडर, हेल्पर, वेल्डर, फैब्रिकेटर, फिटर

अनुभव: फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों आवेदन कर सकते हैं,

कार्य स्थल: BPCL बीना रिफाइनरी, मध्य प्रदेश इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें –

1.कंपनी का नाम: VRC Construction Pvt. Ltd.
संपर्क करें: शशि मिश्रा मोबाइल नंबर: 9140376358 ई-मेल आईडी: skmvmarch@gmail.com

2.कंपनी का नाम: RSB Infrastructure Pvt. Ltd.
संपर्क करें: मोहित राना मोबाइल नंबर: 95557 13503 ई-मेल आईडी: skmvmarch@gmail.com

3.कंपनी का नाम: कुमार इंफ्राटेक कंस्ट्रक्शन प्रा. लि.
संपर्क करें: संपर्क करें: हर्ष कौशिक मोबाइल नंबर: 8109611672 ई-मेल आईडी: binakicy@gmail.com

4.कंपनी का नाम: MDP इन्फ्रा ( इंडिया) प्रा. लि.
संपर्क करें: संपर्क करें: आर. एस भदौरिया मोबाइल नंबर: 6006038191
ई-मेल आईडी: rs.bhadoria@mdpinfra.com